आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 14.09.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार**

- • प्रदेश के युवा अब हिंदी में पढ़ाई कर बनेंगे डॉक्टर और इंजीनियर कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से, प्रदेश में भी विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन।
- एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी टूर्नामेंट के आखरी पूल मैच में आज भारत ने पाकिस्तान को 2–1 से हराया।
- आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश तो कहीं हल्की बारिश की संभावना।

<u>हिन्दी दिवस</u>

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है। प्रदेश में हिन्दी दिवस के अवसर पर आज संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भोपाल के रवीन्द्र भवन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी

भाषा के साहित्य सृजन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देश और दुनिया के प्रतिष्ठित लेखकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत, भाषाओं का गुलदस्ता और हिन्दी, सभी भाषाओं की आधार कड़ी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के युवा अब हिन्दी में पढ़ाई कर डॉक्टर और इंजीनियर बनेंगे। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में कराने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश है । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्मारिका "हिन्दी भाषा सम्मान" का विमोचन किया। उन्होंने हिन्दी के लोकव्यापीकरण के लिये राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य सम्मानों को भी प्रदान कर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। नर्मदापुरम जिले में आज हिंदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम और संगोष्ठियां आयोजित की गई।

**एफसीआई–स्वच्छता अभियान**

भारतीय खाद्य निगम–एफ सी आई ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर के सभी एफसीआई कार्यालयों सहित सात सौ 60 स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह अभियान संपूर्ण समाज के दृष्टिकोण पर जोर देने वाले तीन प्रमुख स्तंभों संपूर्ण स्वच्छता और स्वच्छता लक्षित इकाई, स्वच्छता की भागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर केन्द्रित रहेगा। प्रदेश में भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया

जाएगा । कटनी जिले के सभी ग्रामों में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी ।

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के तहत उज्जैन में आयोजित तीर्थ यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को बाबा महाकाल की नगरी से काशी विश्वनाथ की तीर्थ यात्रा पर ले जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी हेलिकॉप्टर और हवाई जहाज में भी तीर्थ यात्रा कर सके, यह राज्य सरकार का प्रयास है। हमने प्रदेश के तीर्थ स्थलों तक भी नागरिकों को हवाई मार्ग से भेजने की व्यवस्था की है। इसी के तहत 'पीएमश्री हेलिकॉप्टर सेवा' प्रारंभ हो चुकी है।

**बाइट– डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि पवित्र तीर्थ यात्राएं, हमारी प्राचीन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं । मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन के महाकाल और काशी के विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग को जोड़ने का अद्वितीय प्रयास किया है।

**सरकार – प्याज**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि सरकार उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए थोक बिक्री की रणनीति अपना रही है। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार

बढ़ती मांग–आपूर्ति परिस्थितियों और कीमतों के रुझानों के आधार पर प्याज की लक्षित और स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश भर में हर घर तक सस्ती प्याज पहुंच सके।

## नेशनल लोक अदालत

आज प्रदेश की हाईकोर्ट से लेकर जिला स्तर, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों और अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जबलपुर,नर्मदापुरम,कटनी,रायसेन,बड़वानी,अनूपपुर,आगरमालवा सहित अन्य जिलों में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। इसमें न्यायालयों में लंबित विभिन्न राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निबटारा किया गया। इनमें विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, सिविल, भू–अर्जन जैसे मामले शामिल हैं।

## हॉकी

चीन के उलूनब्यूर में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी टूर्नामेंट के पांचवें और अंतिम पूल मैच में आज मौजूदा चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2–1 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है।

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने दो गोल किए जबकि पाकिस्तान की ओर से नदीम अहमद ने एक मात्र गोल किया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। दूसरी ओर पाकिस्तान

ने पहला मुकाबला गंवाया है। चार बार का चैंपियन भारत इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहले ही पहुंच चुका है। सेमीफाइनल मैच सोमवार को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मैच मंगलवार को होगा।

## मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में इस बार अच्छी बारिश हुई। प्रदेश में सामान्य बारिश से ज्यादा पानी गिर चुका है। शुक्रवार तक की स्थिति में औसत 37.3 इंच के मुकाबले 40.4 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया के एक्टिव होने से प्रदेश में 16–17 सितंबर से फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर समेत अन्य संभागों में कहीं–कहीं भारी बारिश तो कहीं हल्की बारिश और गरज–चमक की स्थिति रह सकती है।

## स्वास्थ्य–आईसीएमआर

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर ने मानवीय क्लिनिकल क्षेत्र के पहले परीक्षण में प्रगति के लिए फार्मा कंपनियों और शिक्षाविद भागीदारों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता क्लिनिकल परीक्षण में आत्मनिर्भरता हासिल करने और स्वदेशी फार्मास्युटिकल क्षेत्र में आगे बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने इस भागीदारी सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह समझौता सभी

नागरिकों के लिए सस्ते और सुलभ इलाज की दिशा में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस पहल से भारत को विश्व स्तर पर स्वास्थ्य नवाचार में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## आई एंड बी–इफ्फी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 के हिस्से के रूप में युवा फिल्म निर्माताओं के लिए श्रेष्ठ डेब्यू भारतीय फिल्म खंड 2024 की शुरूआत की है। 55वां इफ्फी महोत्सव 20 नवम्बर से 28 नवम्बर तक गोवा में आयोजित होने जा रहा है। इस खंड के जरिए इफ्फी भारतीय डेब्यू फिल्मों पर भी ध्यान केन्द्रित करेगा। इस खंड में देशभर की विविध कथाओं और सिनेमाई शैलियों का प्रदर्शन किया जाएगा। ये खंड युवा फिल्म निर्माताओं के सृजनात्मक दृष्टिकोण और अदभुत कथा वाचन शैलियों को दर्शाएंगे। यह खंड नई प्रतिभा को एक मंच प्रदान करेगा और उभरते निर्देशकों के कार्य का प्रदर्शन करेगा। श्रेष्ठ डेब्यू भारतीय फिल्म खंड में चयनित अधिकतम पांच डेब्यू फीचर फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। श्रेष्ठ डेब्यू भारतीय फिल्म खंड के लिए प्रवृष्टियां खुली हुई है। युवा फिल्म निर्माता 23 सितम्बर तक अपनी प्रवृष्टियां भेज सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

- 1. शहडोल जिले में राशन वितरण के लिए उपभोक्ताओं के केवाईसी होने के बाद 4 हजार से अधिक उपभोक्ताओं का मोबाईल नम्बर फीड

नहीं हो सका है। राशन वितरण के लिए परिवार के किसी एक सदस्य का मोबाइल नम्बर फीड करना अनिवार्य है।

- खंडवा में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में किया गया।
- शिवपुरी जिले में अधिक बारिश से रास्ते अवरूद्ध होने और बाढ़ में फंसे लोगों की जानकारी देने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया हैं।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत अशोकनगर जिले के ग्राम पारसोल में आज आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- ग्वालियर जिले में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक किया जायेगा।

-------------------------------